भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 446
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन उद्योग के माध्यम से रोजगार सृजन**

**446 श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय सरकार ने पर्यटन स्थलों पर रोजगार सृजन की सम्भावना पर गौर किया है;
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस अवसर का उपयोग करने के लिए क्या पहल की गई है;
(ग) क्या सरकार की नए पर्यटन स्थलों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने की कोई योजना है;
(घ) यदि हां, तो ऐसे गंतव्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) देश में घरेलू पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार की कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जी हां ।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के समीप रहने वाले स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित, प्रोन्नत और संवेदनशील बनाने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है । इस पहल के तहत 145 गंतव्यों पर लगभग 12187 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है ।

(ग) से (ङ): देश में घरेलू पर्यटन के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है । विपणन और संवर्धन कार्य और सोशल मीडिया सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है । इसके अलावा,पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन' योजना के तहत मौजूदा गंतव्यों सहित नए गंतव्यों के पर्यटन

अवसंरचना विकास के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को निधियां प्रदान करता है ।

नए गंतव्यों के विकास के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए, स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से "स्वदेश दर्शन" योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है । इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक अनुभव को बढ़ाने के लिए गंतव्य के समग्र विकास के उद्देश्य से एसडी 2.0 के तहत "चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)" नामक एक उप-योजना को तैयार किया है ।

स्वदेश दर्शन 2.0 की योजनाओं के तहत विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों में स्वीकृत परियोजनाओं और सीबीडीडी के तहत चिह्नित गंतव्यों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I और II** में दिया गया है ।

*****

**अनुबंध-I**

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल द्वारा पर्यटन उद्योग के माध्यम से रोजगार सृजन के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 446 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **गंतव्य** | **हस्तक्षेप का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नुक्कस' की स्थापना | 26.30 |
| 2 | कर्नाटक | मैसूर | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 4.12 |
| 3 | तमिलनाडु | मामल्लपुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 4 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंसियल जोन | 56.81 |
| 5 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 |
| 6 | राजस्थान | बूंदी | स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस, केशोरायपाटन | 17.37 |
| 7 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 8 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको टूरिज्म जोन | 38.00 |
| 9 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको टूरिज्म एक्सपीरियंस | 20.06 |
| 10 | पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रोंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 11 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 |
| 12 | उत्तराखंड | चंपावत | चाय बागान एक्सपीरियंस | 11.21 |
| 13 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 |
| 14 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 15 | आंध्र प्रदेश | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |
| 16 | कर्नाटक | मैसूर | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.36 |
| 17 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 18 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 19 | असम | जोरहाट | सिन्नामारा टी एस्टेट रीइमेंजिंग | 23.91 |
| 20 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट के घाटों से आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 |
| 24 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 25 | लद्दाख यूटी | लेह | जूले लेह  जैव विविधता पार्क | 24.89 |
| 26 | लद्दाख यूटी | कारगिल | एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस एक्सप्लोरिंग | 12.01 |
| 27 | मेघालय | सोहरा | वॉटरफाल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 |
| 29 | नागालैंड | चुमौकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 |
| | | | **कुल** | **644.00** |

*****

**अनुबंध-II**

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल द्वारा पर्यटन उद्योग के माध्यम से रोजगार सृजन के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 446 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

सीबीबीडी योजना के तहत चिह्नित गंतव्यों का विवरण

i) संस्कृति और विरासत गंतव्य

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | नागार्जुन सागर | आंध्र प्रदेश |
| 2. | भागलपुर | बिहार |
| 3. | जिला सारण (सोनपुर मेला) | बिहार |
| 4. | काजा | हिमाचल प्रदेश |
| 5. | बीदर | कर्नाटक |
| 6. | वर्कला | केरल |
| 7. | मांडू | मध्य प्रदेश |
| 8. | अहमदनगर | महाराष्ट्र |
| 9. | लैंगथबलकोनुग | मणिपुर |
| 10. | मावफलांग गांव | मेघालय |
| 11. | व्हाइट टाउन | पुडुचेरी |
| 12. | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) | पंजाब |
| 13. | तंजावुर | तमिलनाडु |
| 14. | नलगोंडा | तेलंगाना |
| 15. | महोबा | उत्तर प्रदेश |
| 16. | वडनगर | गुजरात |

ii) आध्यात्मिक गंतव्य

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | अहोबिलम | आंध्र प्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | पोरबंदर | गुजरात |
| 3. | रामरेखा बांध | झारखंड |
| 4. | थालास्सेरी | केरल |
| 5. | ओरछा | मध्य प्रदेश |
| 6. | नर्टियांग गांव | मेघालय |
| 7. | इमपुर गांव | नागालैंड |
| 8. | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) | पंजाब |
| 9. | काबी, मंगन | सिक्किम |
| 10. | रामेश्वरम द्वीप | तमिलनाडु |
| 11. | कैंचीधाम | उत्तराखंड |

iii) इको पर्यटन और अमृत धरोहर गंतव्य

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | बिचोम बांध | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | शिवसागर | असम |
| 3. | मयाली बगीचा | छत्तीसगढ़ |
| 4. | मायेम गांव | गोवा |
| 5. | थोल गांव | गुजरात |
| 6. | उडुपी | कर्नाटक |
| 7. | मुश्कोह गांव | लद्दाख |
| 8. | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप |
| 9. | दोयंग रिजरवॉयर | नागालैंड |
| 10. | कामारेड्डी | तेलंगाना |

iv) वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम गंतव्य

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | किबिथो | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | रक्छम, छितकुल | हिमाचल प्रदेश |
| 3. | नाथांग | सिक्किम |
| 4. | जादुंग | उत्तराखंड |
| 5. | माना गांव | उत्तराखंड |

*****